सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) और (ख) जिला विदिशा में सिरोंज में एक अल्प शक्ति ट्रांसमीटर (अ.श.ट्रा.) और जिला सिहोर में बुधनी में एक अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर (अ.अ.श.ट्रा.) की स्थापना संबंधी कार्य पूरा कर लिया गया हैं। इन ट्रांसमीटरों को शीघ्र ही चालू किए जाने की आशा है।

एयर इंडिया द्वारा हज संबंधी यातायात पर किया गया व्यय

*394. **श्री आस मोहम्मद:** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992, 1993 और 1994 के दौरान हज संबंधी यातायात पर एयर इंडिया द्वारा कितनी राशि खर्च की गई;

(ख) हज संबंधी यातायात से एयर इंडिया द्वारा प्राप्त आय अथवा एयर इंडिया को देय राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) हज संबंधी यातायात पर वर्ष-वार कितना निवल लाभ अथवा हानि हुई;

(घ) प्रत्येक हज तीर्थ यात्री से वर्ष-वार कितना निवल लाभ अथवा हानि हुई; और

(ङ) प्रत्येक हज तीर्थ यात्री के मामले में हज एयर चार्टर किराये पर निवल लाभ/हानि का प्रतिशत क्या है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ङ) वर्ष 1992 और 1993 के दौरान हज तीर्थ यात्रियों के वहन के संबंध में एयर इंडिया द्वारा किया गया व्यय प्राप्त राशि, लाभ/हानि और लाभ/हानि का प्रतिशत नीचे दिया गया है:—

वर्ष	एयर इंडिया द्वारा किया गया व्यय	एयर इंडिया द्वारा प्राप्त राशि	निवल लाभ/हानि	प्रति हज तीर्थ यात्री निवल लाभ/हानि	चार्टर किराये पर प्रति तीर्थ यात्री लाभ/हानि का प्रतिशत
	लाख	लाख			
1992	1704.08	1704.40	0.32 लाख (लाभ)	रु० 3 (लाभ)	0.02 प्रतिशत (लाभ)
1993	3743.00	3682.80	60.20 (हानि)	291 रु० (हानि)	1.6 प्रतिशत (हानि)

वर्ष 1994 के लिये एयर इंडिया द्वारा 3371 लाख रुपये की राशि पहले ही खर्च की जा चुकी है, सऊदी अरेबियन प्राधिकारियों को देय रायल्टी का अभी निर्धारण किया जाना है और इसकी अदायगी की जानी हैं। सरकार से अंतरिम भुगतान के रूप में सहायता भुगतान सहित अब तक प्राप्त कुल राजस्व की राशि 3249 लाख रुपये हैं। 1994 के लिये लाभ/हानि के आंकड़े इस अवस्था में नहीं बताये जा सकते।

Competition between Boeing and Airbus for purchase of aircraft by Air India

*395. SHRI G. Y. KRISHNAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Boeing and Airbus are competing to bag the Air India's multi-million dollar order;

(b) if so, whether any trials of both the aircrafts had been conducted by the Air India and it had assessed their advantages and drawbacks and evaluated, which aircraft is the best;

(c) the final decision taken by the Air India/his Ministry to acquire either of the aircrafts; and

(d) the source for funding this purchase?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM